भारत सरकार / Government of India

वित्त मंत्रालय, राजस्व विभाग / Ministry of Finance, Deptt. of Revenue

कार्यालय आयुक्त सीमा शुल्क: जोधपुर

OFFICE OF THE COMMISSIONER OF CUSTOMS: JODHPUR

मुख्यालय: नव केन्द्रीय राजस्व भवन स्टेचू सर्किल, सी ,स्कीम-जयपुर302005-
Hqrs. N.C.R. Building, Statue Circle, C-Scheme, Jaipur – 302005
Email-**establishment.customsjaipur@gmail.com**

कार्यालय आदेश

दिनांक 27-02-2025

इस कार्यालय के आदेश दिनांक 28.11.2024 के द्वारा निर्देश जारी किये गए थे कि अन्तर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा जयपुर में पदस्थापित सभी सीमाशुल्क अधिकारी अपनी ड्यूटी के दौरान सरकारी गणवेश (Office Uniform) धारण करके उपस्थित हों। परन्तु यह देखने में आया है कि अन्तर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा जयपुर में पदस्थापित कुछ सीमा शुल्क अधिकारी अभी भी ड्यूटी के दौरान सरकारी गणवेश में उपस्थित नहीं होते है। इस सन्दर्भ में पुन: कार्यालय आदेश दिनांक 06.02.2025 जारी किया गया था; जिसमें आंशिक संशोधन करते हुए सभी वर्दीधारी सीमाशुल्क अधिकारियो को पुन: निर्देश दिये जाते है कि हवाईअड्डे पर अपनी ड्यूटी के दौरान सरकारी गणवेश, जिसपर अधिकारी का नाम भी प्रदर्शित हो, धारण करके ही उपस्थित हों। हवाई आसूचना इकाई (**AIU**) के अधिकारी इस प्रतिबन्ध से मुक्त रहेंगे, किन्तु किसी भी व्यक्ति को पूछताछ हेतु उनके द्वारा रोकने पर उन्हें उस व्यक्ति को अपना विभागीय पहचान-पत्र (**Identity Card**) दिखाकर अपनी पहचान बतानी होगी| आदेश की अवहेलना करने वाले अधिकारी के विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी |

यह आदेश प्रधान आयुक्त महोदय की संस्वीकृति से जारी किया गया है।

(सुनीता वर्मा)
Signed by Sunita Verma
संयुक्त आयुक्त (का. एवं सत.)
Date: 27-02-2025 18:02:44

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं उक्त निर्देशों की पालना हेतु प्रेषित है :-

1. निजी सहायक, प्रधान आयुक्त, सीमाशुल्क आयुक्तालय (निवारक) जोधपुर मुख्यालय जयपुर।
2. उप/सहायक आयुक्त, अन्तर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा एवं एयर इंटेलिजेंस यूनिट जयपुर।
3. विभागीय वेबसाइट।